>

Title: Need to facilitate availability of Kashmir Willow wood to Sports Industry of Meerut, Uttar Pradesh -laid.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरठ खेल सामग्री निर्माण में पूरे विश्व में सर्वोत्कृष्ट खेल सामग्री निर्माण के लिए जाना जाता है । उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अपनी ‘एक जिला एक उद्योग नीति के अंतर्गत मेरठ जिले के विकास के लिए खेल उद्योग को चुना है । हमारी टीम के अधिकांश सदस्य मेरठ में बनाए गए बल्लों से चौके-छक्के लगाते हैं, परंतु मेरठ का खेल सामग्री निर्माण उद्योग क्रिकेट बल्ले के लिए आवश्यक कश्मीर विलो की अनुपलब्धता की समस्या से जूझ रहा है । इंग्लैंड से इंग्लिश विलो का आयात करना आसान है, परंतु कश्मीर से कश्मीर विलो मंगवाना आसान नहीं है । कश्मीर विलो पाकिस्तान को उपलब्ध है परंतु मेरठ को उपलब्ध नहीं है जिसके कारण मेरठ का उद्योग प्रभावित हो रहा है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उत्कृष्ट बल्ले बनाने वाले तथा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाले इस उद्योग को मांग के अनुसार कश्मीर विलो उपलब्ध कराने की कृपा करें ।